>

Title: Regarding status of preparations for Beijing Olympics.

श्री नवीन जिन्दल (कुरूक्षेत्र): माननीय सभापति जी, बीजिंग ओलम्पिक्स शुरू होने में एक साल से कम समय रह गया है। भारत की जनता को आज भी यह मालूम नहीं कि भारत के जो खिलाड़ी हैं, किन-किन खेलों में हिस्सा लेने वाले हैं और उनकी तैयारियां किस तरह से चल रही हैं, जिससे हम सुनिश्चित कर सकें कि बीजिंग ओलम्पिक्स में हमारे देश का प्रदर्शन अच्छा हो और हम वहां से बहुत से मैडल्स जीतकर आएं। आप जानते हैं कि आज ओलम्पिक्स में प्रतिस्पर्द्धा दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ओलम्पिक्स में मैडल जीतना किसी भी देश के लिए बहुत गर्व की बात होती है। अगर वहां पर परफॉर्मेन्स अच्छी होती है तो उससे देश का मॅरिल बढ़ता है। अगर वहां पर देश की परफॉरमैंन्स खराब रहती है तो इससे हमारे देश का मॅरिल कमज़ोर भी होता है। हम सब इस बात को जानते हैं कि ओलम्पिक्स में मैडल जीतने के लिए बहुत कुछ सरकार को करने की आवश्यकता होती है। 1984 के बाद से चीन ने 300 से ज्यादा मैडल जीते हैं और हमने केवल तीन मैडल ओलम्पिक्स में जीते हैं। एक तरफ हमारा देश प्रगति की ओर बढ़ रहा है और दूसरी तरफ हमारे स्पोर्ट्स का जो बजट है, वह मात्र 0.073 प्रतिशत है। इसको बढ़ाने की आवश्यकता है और कम से कम 1 प्रतिशत करने की आवश्यकता है। मैं आपके माध्यम से माननीय खेल मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि क्या वह पूरे देश की जनता को और सदन को बताने का कष्ट करेंगे कि आने वाले ओलम्पिक्स में किन किन खेलों में हमारे खिलाड़ी भाग लेंगे और उनके मैडल्स जीतने के लिए, उनकी ट्रेनिंग के लिए क्या क्या कदम उठाए जा रहे हैं?